<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

CRPF दिव्यांग योद्धाओं ने साबरमती आश्रम से राजघाट तक लगभग 900Km साइकिल रैली निकाली

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के आंतरिक सुरक्षा योद्धा कई क्षेत्रों में सक्रिय रूप से देश की सेवा कर रहे हैं। कर्तव्य पथ पर कई बार उनके जीवन और अंगों के लिए खतरा बना रहता है। CRPF के अनेक शूरवीरों ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया है। कई निर्भीक योद्धा गंभीर रूप से घायल होते हैं और अपनी सेवा के दौरान महत्वपूर्ण अंग खो देते हैं। इन दिव्यांग योद्धाओं के सहयोग के लिए, सीआरपीएफ ने इन योद्धाओं के गौरव, मनोबल और आत्मविश्वास को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। इसी अनुक्रम में, CRPF द्वारा स्किलिंग और रीस्किलिंग कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है, जिसमें दिव्यांग योद्धा पहले पैरा-स्पोर्ट्स के लिए और बाद में साइबर योद्धाओं के रूप में कुशल किया जाएगा।

कभी हार न मानने वाले इन दिव्यांग योद्धाओं की एक टीम ने गुजरात के साबरमती आश्रम से दिल्ली के राजघाट तक आज एक साइकिल रैली निकाली है। गुजरात के माननीय राज्यपाल, आचार्य देवव्रत जी ने अपने ई-संदेश के साथ रैली का शुभारम्भ किया, जहाँ उन्होंने इसे प्रेरणादायक बताते हुए उनके प्रयास की प्रशंसा की। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रूपानी ने भी अपने ट्वीट के माध्यम से दिव्यांग योद्धाओं के साहस की सराहना की। 17.09.2020 को शुरू होने वाली रैली 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती पर संपन्न होगी। लगभग 900Km की दूरी तय करने के बाद, यह रैली अपनी 16 दिन यात्रा के दौरान दिल्ली पहुंचने से पहले गुजरात, राजस्थान और हरियाणा से होकर गुजरेगी। जैसे-जैसे ही यह रैली अपने मार्ग पर विभिन्न सीआरपीएफ कम्पों तक पहुंचेगी, उन कम्पों के अधिकारी और जवान भी रैली में शामिल होते रहेंगे। यह टीम दिन में यात्रा करेगी व रात को पूर्व निर्धारित स्थानों पर ठहरेगी । टीम को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए रैली के दौरान एक मेडिकल टीम के साथ एक एम्बुलेंस भी मौजूद रहेगी।

CRPF - FIT INDIA
PARA CYCLING
INDIA
दिव्यांगों
की
पहल
Sabarmati Ashram to Rajghat
GANDHI
ASHRAM
FREEDOM

CRPF - FIT INDIA
PARA CYCLING
INDIA
दिव्यांगों
की
पहल
Sabarmati Ashram to Rajghat
GANDHI
ASHRAM
FREEDOM

CRPF - FIT INDIA
PARA CYCLING
FIT INDIA
दिव्यांगों की पहल
GANDHI ASHRAM